भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2508

दिनांक 13.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पंजाब में प्रस्तावित पासपोर्ट कार्यालय

†2508. श्री शेर सिंह घुबाया

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले के मलोट में प्रस्तावित पासपोर्ट कार्यालय के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त पासपोर्ट कार्यालय आम जनता के लिए पूरी तरह से कब तक चालू होने की संभावना है; और

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव उक्त क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से **(ग)** विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग **(डीओपी)** के सहयोग से जनवरी **2017** में देश के ऐसे प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र **(एलएससी),** जहां कोई पीएसके या पीओपीएसके मौजूद नहीं है**,** में स्थित प्रधान डाक घर **(एचपीओ)/**डाक घर **(पीओ)** में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र **(पीओपीएसके)** नामक सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया था। इस पहल के तहत**,** फिरोजपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में फिरोजपुर में एक पीओपीएसके चालू है। मुक्तसर साहिब जिले में स्थित मलोट पंजाब के फिरोजपुर एलएससी के अंतर्गत आता है।

यह भी अवगत कराया जाता है कि इस पीओपीएसके के तहत **80** सामान्य पासपोर्ट श्रेणी और **10** पुलिस अनापति प्रमाण पत्र **(**पीसीसी**)** श्रेणी की अपॉइन्टमेंट दैनिक आधार पर जारी की जाती हैं और सामान्य श्रेणी के लिए **10** कार्य दिवसों में और पीसीसी श्रेणी के लिए अपॉइन्टमेंट अगले कार्य दिवस में उपलब्ध होती हैं।

*****